सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 304 | इंदौर, शुक्रवार 17 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Swati Maliwal News : स्वाति मालीवाल मामले पर सियासी घमासान, BJP का प्रदर्शन; कोर्ट में आज होंगे बयान
2. Maharashtra: पुणे एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के विमान की टग ट्रैक्टर से टक्कर, फ्लाइट में मौजूद थे 180 यात्री
3. Amit Shah: 'इस देश को फिर कभी नहीं बांटा जा सकता', उत्तर बनाम दक्षिण के विवाद पर शाह की सख्त टिप्पणी
4. बाराबंकी में बोले पीएम मोदी, दिन-रात हिंदू-मुसलमान करते हैं सपा-कांग्रेस वाले, वोट जेहाद करने वालों को देंगे आपकी संपत्ति
5. CBI: बंगाल में टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी, चुनाव बाद हिंसा से जुड़ा है मामला
6. Lok Sabha Election : रोहिणी आचार्य का नामांकन रद्द होगा? गलत सूचना देने के कारण पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर
7. Chardham Yatra: गंगोत्री धाम में पुलिस के वनवे-गेटवे सिस्टम का भारी विरोध, व्यापारियों ने बंद की दुकानें

# एमपी के 13 शहरों में टेम्प्रेचर 42 डिग्री पार

## आज आधे प्रदेश में रहेगी तेज गर्मी, बाकी में आंधी के साथ बारिश का अनुमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मध्यप्रदेश में एक सप्ताह से एक्टिव आंधी, बारिश और ओले गिरने का सिस्टम कमजोर हो रहा है। गुरुवार को कुछ जिलों में ही मौसम बदला रहा। बाकी में तेज गर्मी रही। ग्वालियर सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया। छतरपुर के नौगांव में तापमान 43 डिग्री पहुंच गया, जबकि 11 शहरों में 42 डिग्री के पार रहा। प्रदेश के उत्तरी हिस्से में गर्म हवाओं का असर देखने को मिला। शुक्रवार को प्रदेश के आधे हिस्से में तेज गर्मी रहेगी, जबकि आधे में बारिश और आंधी का असर रह सकता है।**

IMD, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, 'अभी भी वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी है। शुक्रवार को भी इसका असर देखने को मिलेगा, इसलिए छिंदवाड़ा, खंडवा समेत 12 जिलों में हल्की बारिश और आंधी चलेगी। वहीं, ग्वालियर-चंबल, भोपाल, इंदौर संभाग में कहीं-कहीं तेज गर्मी का असर भी रहेगा। शनिवार को सिस्टम गुजर जाएगा। इससे ग्वालियर-चंबल के लिए हीट वेव, यानी गर्म हवाओं का अलर्ट जारी किया है।



### कहीं तेज गर्मी, कहीं बदला रहा मौसम

इससे पहले, गुरुवार को कहीं तेज गर्मी रही तो कहीं मौसम बदला रहा। बैतूल, जबलपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, मंडला, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, रायसेन, इंदौर, धार, बड़वानी, खरगोन, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, नरसिंहपुर, बालाघाट और डिंडोरी जिलों में बादल रहे। कुछ जगहों पर बौछारें भी गिरीं।

दूसरी ओर, ग्वालियर सबसे गर्म रहा। यहां टेम्प्रेचर 43.7 डिग्री तक पहुंच गया। यहां तापमान में 1.4 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिली। छतरपुर जिले के नौगांव में 43 डिग्री रहा। इसी तरह रतलाम, सतना, सीधी, शिवपुरी, खजुराहो, दमोह, टीकमगढ़, खंडवा और गुना में पारा 42 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया।

बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे गर्म रहा। भोपाल में 40.7 डिग्री, इंदौर में 39.8 डिग्री, जबलपुर में 39.7 डिग्री और उज्जैन में पारा 41.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### आगे ऐसा रहेगा मौसम

**17 मई**ः रायसेन, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी और अनूपपुर में हल्की बारिश और आंधी का मौसम रहेगा।

**18 मई**ः ग्वालियर, मुरैना, भिंड और दतिया में हीट वेव चल सकती है।

**19 मई**ः ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर और सागर में हीट वेव चलने का अलर्ट है।

### एक और सिस्टम एक्टिव हो रहा

मौसम विभाग के अनुसार- आज यानी 17 मई को उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसका असर 2-3 दिन बाद यानी, 20 मई से प्रदेश के कुछ हिस्सों में देखने को मिल सकता है।

**ग्रामीणों ने 3 घंटे तक हाईवे जाम रखा**

# डंपर चाचा-भतीजे को रौंदते हुए घर में घुसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास** । खातेगांव में एक डंपर ने चाचा-भतीजे को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद डंपर घर में जा घुसा। हादसा गुरुवार रात करीब 11 बजे हुआ। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने देर रात इंदौर-बैतूल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण कलेक्टर और डंपर मालिक को मौके पर बुलाने के लिए अड़े रहे। हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद रात करीब 3:30 बजे ग्रामीण माने।

हादसा ननासा बस स्टैंड के पास हुआ। राहुल गुर्जर और उसके चाचा लखन गुर्जर भजन-कीर्तन में जा रहे थे। दोनों रोड के किनारे पैदल चल रहे थे। इसी दौरान इंदौर से खातेगांव की ओर जा रहा डंपर दोनों को रौंदते हुए हरिओम पटेल के घर में जा घुसा।



# इंदौर जिला पांचवें राष्ट्रीय वाटर अवार्ड के लिए चयनित

## जल संरक्षण के संबंध में इंदौर जिले में किए गए कार्यों को सराहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जल शक्ति मंत्रालय भारत शासन द्वारा पांचवें राष्ट्रीय वाटर अवार्ड के लिए प्राप्त नामांकनों के परीक्षण उपरांत बेस्ट नॉमिनेशंस की शॉर्ट लिस्टिंग पश्चात वेस्टर्न जोन में तीन जिले ग्राउंड ट्रूथिंग के लिए चयनित हुए हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के इंदौर एवं रतलाम तथा गुजरात का कच्छ जिला शामिल है।**

भारत शासन के अधिकारियों के दल द्वारा इंदौर जिले द्वारा प्रस्तुत नामांकन में उल्लेखित कार्यों का स्थल सत्यापन किया गया। दल में केंद्रीय जल आयोग सीडब्ल्यूसी के सहायक संचालक श्री सुनील शर्मा, केंद्रीय भूजल बोर्ड के सीनियर साइंटिस्ट श्री चितरंजन बिस्वाल और भूवैज्ञानिक श्री के एल प्रदीप शामिल हैं। अधिकारियों द्वारा 15 मई को इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में एवं 16 मई को इंदौर शहर में जल संरक्षण एवं जल संबंधित कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया।

दल द्वारा सर्वप्रथम ग्राम पंचायत जाम बुजुर्ग में सीरीज में निर्मित 5 चेक डैम एवं 3 तालाबों का निरीक्षण किया गया। सभी संरचनाओं में मई माह में भी पर्याप्त पानी है। ग्रामीण जन द्वारा दल को ग्राम में निर्मित संरचनाओं से मिलने वाले लाभ से अवगत कराया गया। दल द्वारा जल संबंधित कार्यों से ग्रामों में किसानों द्वारा किए जा रहे सब्जी उत्पादन गतिविधि का निरीक्षण किया गया जल संरक्षण हेतु निर्मित बोल्डर चेक गली प्लग, कन्टूर ट्रेंच आदि संरचनायें भी देखी गई।

दल द्वारा ग्राम पंचायत मलेंडी के ग्राम बढ़िया एवं मलेंडी में नखराली एवं लखेरी नदी पर श्रृंखला में निर्मित और जीर्णोद्धार किये गए चेकडैम के 12 कार्यों का अवलोकन किया गया। उक्त दोनों ग्रामों में चेक डैम निर्माण एवं जीर्णोद्धार के 12 कार्यों से पूरी नदी में पानी का प्रवाह आज भी जीवित है एवं कैचमेंट में किये गए जल संरक्षण के कारण नीचे बामणिया कुंड जलप्रपात में अभी भी पानी का झरना गिर रहा है।

केंद्रीय शासन के अधिकारियों द्वारा ग्राम मैमंदी के बागोदा में नंदन फलोद्यान के कार्यों का निरीक्षण किया जाकर हितकारी से फलोद्यान के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। तत्पश्चात ग्राम सिमरोल के आईआईटी परिसर में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा निर्मित अमृत सरोवर एवं पुष्कर धरोहर तालाब का निरीक्षण किया गया। आईआईटी द्वारा अपने साधन से निर्मित दो अन्य तालाब को भी देखा गया। पठार पर अहिल्याकालीन बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य का भी अवलोकन भ्रमण कर्ता दल द्वारा किया गया। दल के साथ इंदौर के जल संवर्धन विशेषज्ञ श्री एमजी सुरेश, इंदौर जिला पंचायत के उपायुक्त श्री अनिल पवार , सहायक यंत्री श्री देवेंद्र अग्रवाल, श्री हेमंत घोष , उपयंत्री श्री प्रकाश पाटीदार भी उपस्थित थे।

16 मई को केंद्र शासन के अधिकारियों ने इंदौर नगर निगम क्षेत्र में किए गए जल संरक्षण कार्यो का निरीक्षण किया गया, जिसमें सर्वप्रथम रेवती रेंज में बीएसएफ फायरिंग रेंज के अंदर निर्मित 3 जल संग्रहण और रिचार्ज पोंड देखे गए। तत्पश्चात कबीट खेड़ी एसटीपी प्लांट में भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर की टेक्नोलॉजी से कोबाल्ट आइसोटोप के रेडिएशन एक्स्पोजर स्लज से ऑर्गेनिक खाद निर्माण की प्रक्रिया को भी देखा गया। एसटीपी से ट्रीटेड जल के पुर्नउपयोग हेतु नगर निगम द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन नेटवर्क,जल वितरण हेतु हाइड्रेंट एवं पानी संग्रहण की ओएचटी टैंक का निरीक्षण भी दल ने किया।

दल द्वारा अनुराधा नगर के बस्ती का भ्रमण कर प्रत्येक घर में किए गए रूपवाटर हार्वेस्टिंग कार्य एवं नगर निगम द्वारा भूजल के मापन के लिए स्थापित पिजोमीटर संयंत्र का भी अवलोकन किया गया। तेजाजी नगर बाईपास के समीप बिलावली तालाब की चैनल में किए गए ट्रेंचिंग कार्य को भी देखा गया । नगर निगम क्षेत्र में भ्रमण के दौरान इंचार्ज अभियंता श्री आकाश जैन, सहायक यंत्री श्री देवड़ा एवं नागरिक चैरिटेबल ट्रस्ट की जल संरक्षण कार्यो की पूरी टीम भी उपस्थित थी। भ्रमण के पश्चात जिले के मूल्यांकन कर्ता दल द्वारा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन से भेंट कर उन्हें जिले के दो दिन में देखे गए कार्यों के संबंध में दल के ऑब्जरवेशन से अवगत कराया एवं जिले में जल संरक्षण के संबंध में किए गए कार्यों को उपयोगी बताया।

# वसूली के लिए बकायेदारों की होगी संपत्ति जब्त और कुर्क

## 12 मामलों में अर्थदण्ड के वसूले जायेंगे 37 करोड़ 21 लाख रुपये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में खनिज के अवैध उत्खननकर्ताओं पर अर्थदण्ड की बकाया वसूली के लिये सख्त कार्रवाई की जायेगी। खनिज के अवैध उत्खनन के 12 मामलों में अधिरोपित अर्थदण्ड की 37 करोड़ 21 लाख 59 हजार 817 रुपये की वसूली होगी। इसके लिये संबंधित बकायेदारों की संपत्ति जप्त और कुर्क की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर आशीष सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि राशि की वसूली जल्द से जल्द करें। बकाया राशि जमा नहीं करने पर उनकी संपत्ति जप्त और कुर्क की जाये।

बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2014-15 से लेकर 2023-24 तक वर्तमान में 12 बकायेदारों पर 37 करोड़ 21 लाख 59 हजार 817 रुपये की अर्थदण्ड की राशि वसूली के लिए आरआरसी जारी की गई है। अवैध उत्खननकर्ता प्रतीक कौशल व अन्य पर 13 करोड़ 39 लाख 74 हजार रुपये 560, चेतन पिता अनिल पटवारी और कुणाल पिता मुकेश पटवारी पर 5 करोड़ 10 लाख 20 हजार रुपये, विजय जैन पर 4 करोड़ 70 लाख 75 हजार 280 रुपये, बाबो रियलकॉन एलएलपी पर 3 करोड़ 73 लाख 68 हजार रुपये, शंकरलाल खाती पर 3 करोड़ 21 लाख 42 हजार 500 रुपये, अनिल यादव पर 2 करोड़ 31 लाख 26 हजार 750 रुपये, सुधीर दांगी पर 2 करोड़ 30 लाख 61 हजार रुपये, दिनेश नागर पर एक करोड़ 18 लाख 57 हजार 500 रुपये, पंकज यादव पर 59 लाख 40 हजार रुपये, रितेश चंपू अजमेरा पर 32 लाख 66 हजार 460 रुपये, कुलदीप ठाकुर पर 28 लाख 5 हजार रुपये तथा राजेन्द्र खाती पर 5 लाख 22 हजार 822 रुपये की अर्थदण्ड की राशि की वसूली की जाना है।

# एमवाय हॉस्पिटल में विश्रामालय का हुआ लोकार्पण

## सेवा भारती चिकित्सा प्रकल्प द्वारा किया जाएगा संचालित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सेवा भारती इंदौर द्वारा संचालित चिकित्सा प्रकल्प एमवाय हॉस्पिटल जिसे जच्चा बच्चा अस्पताल के नाम से जाना जाता है, वहा मरीजों के परिजनों के लिए एक विश्रामालय की आवश्यकता महसूस की जा रही थी . सेवा भारती इंदौर के द्वारा समाज के सहयोग से विश्रामालय कार्य को पूर्ण किया गया। सेवा भारती इंदौर के अध्यक्ष रवि भाटिया ने बताया कि विश्रामालय लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ चालक डॉ. मुकेश मोढ, कार्यक्रम के अध्यक्षता महापौर पुष्यमित्र भार्गव, डीन डॉ. संजय दीक्षित, अधीक्षक डॉ. अशोक यादव, उप अधीक्षक डॉ. हेमलता झरबड़े, लडऊ डॉ. सुमित्रा यादव, विक्रम भाई देसाई की उपस्थिति में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

डॉ. मुकेश मोढ ने कहा कि सेवा भारती के सभी कार्य समाज के सहयोग से संचालित किए जाते हैं । इस प्रकल्प पर मरीज के परिजन हेतु विश्राम की व्यवस्था एवं दूध व पानी गर्म करने की व्यवस्था भी निशूल्क सेवा भारती के माध्यम से की जाएगी । सभी पधारे अतिथियों का व सभी सहयोगी दान दाताओं का साधु वाद किया । कार्यक्रम का संचालन अक्षय सोढानी ने किया एवं आभार संस्था सचिव सजल मित्तल ने माना।

# रोजगार मूलक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था ने स्कीम नंबर 51 स्थित एक निजी विद्यालय में रोजगार मूलक सिलाई प्रशिक्षन केंद्र की शुरूआत की । शुभारंभ शासकीय स्कूल के प्राचार्य दीपक हलवे एवं नव साक्षरता समन्वय अशोक जोशी ने किया। इस मौके पर विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की संस्थापक अध्यक्ष प्रमिला कैलाश शर्मा एवं शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी सुलेखा शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष मणिमाला शर्मा ने बताया कि जो महिलाएं कमजोर वर्ग की है या जो जरूरतमंद है ऐसी महिलाओं को सिलाई मशीन पर काम करने का प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि वे स्वयं का जीवन यापन कर सके। प्रमिला शर्मा ने बताया कि सभी महिलाओं को प्रशिक्षण देगी श्रीमती उर्मिला लोवंशी। अतिथि स्वागत नगर अध्यक्ष रेखा दुबे, सलाहकार रेखा दुबे, मंडल अध्यक्ष स्वीटी चौबे और ज्योति त्रिवेदी ने किया। इस आयोजन में भाविका मिश्रा और श्रीवास्तव मैडम का भी सहयोग रहा।

# उच्च रक्तचाप गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बनता है- डॉ. राव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **उच्च रक्तचाप, या उच्च रक्तचाप, दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है, अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह अक्सर गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बनता है। 1 प्रतिरोधी उच्च रक्तचाप में जबकि दवा और जीवनशैली में बदलाव जैसे पारंपरिक उपचार कई लोगों के लिए उच्च रक्तचाप को प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं, कुछ व्यक्तियों को एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ता है। हाल के नैदानिक आंकड़ों के**

अनुसार, लगभग 10% उच्च रक्तचाप से ग्रस्त लोग प्रतिरोधी उच्च रक्तचाप (आरएच) का अनुभव करते हैं। डॉ. सरिता राव, एक प्रतिष्ठित वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और इंदौर के अपोलो अस्पताल में कैथ लैब की निदेशक, इस संबंध में स्पष्ट करती हैं कि रीनल डिनेर्वेशन थेरेपी में एक न्यूनतम आक्रामक प्रक्रिया शामिल होती है जिसे किडनी और किडनी के बीच तंत्रिका संकेतों को बाधित करके उच्च रक्तचाप के मूल कारण को लक्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है। मस्तिष्क, इस प्रकार रक्तचाप को कम करता है। उच्च रक्तचाप में योगदान देने वाले अंतर्निहित न्यूरोजेनिक तंत्र को संबोधित करके, आरडीएन थेरेपी दवा पर निर्भरता कम करने और हृदय संबंधी परिणामों में सुधार के साथ दीर्घकालिक प्रभावकारिता का वादा करती है।

# अनंतेश्वर धाम में मनाई सीता नवमी

## माता जानकी को अर्पित किया छप्पन भोग, भक्तों ने की महाआरती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तुलसी नगर अनंतेश्वर धाम स्थित राम जानकी मंदिर में गुरुवार को माता सीता का प्राकट्य दिवस ह्यसीता नवमीह्ल अत्यंत धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम, माता जानकी का भव्य श्रृंगार, अभिषेक एवं हवन किया गया। शाम को माता सीता को छप्पन भोग अर्पित किया। इसके बाद महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के रहवासी एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे। इस अवसर पर महिला मंडली ने सुंदरकांड का भी आयोजन किया।गुरुवार सुबह से ही बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालुओं का तुलसी नगर के अनंतेश्वर धाम स्थित राम जानकी मंदिर में तांता लगा रहा, ये क्रम देर रात तक जारी रहेगा।**

हिंदू पंचांग के अनुसार, सीता नवमी, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन लक्ष्मी स्वरूपा माता सीता धरती से प्रकट हुई थी। शादीशुदा महिलाएं इस दिन पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। अनंतेश्वर सामाजिक सेवा संस्था के संरक्षक के.के झा, राजेश तोमर, संजय यादव, अध्यक्ष सीताराम पटिल, सचिव तुलसी राम यादव ने कहा कि तुलसी नगर स्थित अनंतेश्वर धाम में कॉलोनी के रहवासियों एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं के सहयोग से अभी हाल ही में अनंतेश्वर महादेव मंदिर के साथ-साथ दिव्य राम जानकी एवं मां अम्बे के नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह अनंतेश्वर सामाजिक सेवा संस्था एवं तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी ते तत्वावधान में संपन्न हुआ था। तुलसी नगर स्थित मां सरस्वती मंदिर एवं अनंतेश्वर धाम पूरे निपानिया, पिपलियाकुमार एवं इंदौर पूर्वी क्षेत्र के एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में स्थापित हो चूका है जहां पूरे निपानिया, पिपलियाकुमार क्षेत्र के साथ साथ शहर के श्रद्धालुगण आकर पूजा अर्चना कर, मां सरस्वती, मां अम्बे, चन्द्रमोलेश्वर, अनंतेश्वर महादेव, पवनसुत हनुमान, काल भैरव एवं शनि महाराज के दर्शन का लाभ लेते हैं।

### इंदौर संभाग में सभी उचित मूल्य की राशन दुकानों और गोडाऊन पर

# सीसीटीवी कैमरे लगाकर रखी जायेगी निगरानी

### सभी उपभोक्ताओं का अभियान चलाकर ई-केवाईसी करने के दिये गये निर्देश

#### संभागायुक्त श्री दीपक सिंह द्वारा ली गई समीक्षा बैठक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने निर्देश दिये है कि इंदौर संभाग में स्थित सभी उचित मूल्य की राशन दुकानों और इससे संबंधित गोडाऊन पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर लगातार निगरानी की जाये। अभी तक गोडाऊन से उचित मूल्य की राशन दुकानों तक राशन पहुंचाने के कार्य में लगे वाहनों की जीपीएस के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था है। निगरानी की इस व्यवस्था को और अधिक चौकस बनाने के निर्देश भी दिये गये है। इसके लिए जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाने और सभी उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी संभागायुक्त द्वारा दिये गये।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने आज आयोजित बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सहकारिता, राज्य सहकारी विपणन संघ(मार्कफेड), नागरिक आपूर्ति निगम, वेयर हाऊसिंग नापतौल तथा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी केन्द्रीय बैंक के विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारी नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर मौके पर योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने उक्त विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों में नवाचार भी करें। संभागायुक्त श्री सिंह ने इंदौर संभाग में समर्थन मूल्य पर गेंहू और चने की खरीदी कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो जाये कि सभी किसानों को उनकी उपज का भुगतान शत-प्रतिशत हो। संभागायुक्त श्री सिंह ने जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को वितरित ऋण, उसकी वसूली तथा मांग के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने सहकारिता के कार्यों को और अधिक विस्तारित करने के निर्देश भी दिये।

## खजराना में हज जायरीनों का गर्मजोशी से किया इस्तकबाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हर मुसलमान की दिली तमन्ना होती है कि जिंदगी में एक बार हज हज कर सके। खजराना में ऐसे ही खुशनसीब हज जायरीनों का इस्तकबाल किया गया। प्रायवेट टूर और हज कमेटी से जाने वाले हाजियों के इस्तकबाल और दावतों का सिलसिला जारी है। बीती शाम समाजसेवी मरहूम यासीन पटेल उस्ताद के बेटे इस्लाम पटेल सेठ व अन्य हज जायरीनों का हारफूलों व गुलदस्तों के साथ से स्वागत किया गया। साथ ही हजयात्रियों से गले मिले और दुआ की दरख़्वास्त की। मक्का-मदीना के लिए हज पर जाने वाले इस्लाम पटेल सेठ ने बताया कि, दिल मे एक हसरत थी कि हज करना है, हम अपने आप को बहुत खुशकिस्मत मानते हैं कि हमें हज का फर्ज अदा करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा वे मक्का मदीना जाकर हिंदुस्तान के लिए अमन,सुकून शांति और देश की तरक्की के लिए खास तौर पर दुआ मांगेंगे। इस मौके पर पार्षद हाजी उस्मान परेल, पार्षद इकबाल खान, मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के महामंत्री अफसर पटेल, उस्मान पटेल फेमस, हाजी सलीम पटेल (काका), हनीफ पटेल गोल्ड, अनवर जल्ला पटेल, तैय्यब पटेल उस्ताद, हनीफ पठान, कुदरत पहलवान, हाजी अंसार पटेल,हज कमेटी के उपाध्यक्ष सूफी आरिफ,साजिद मदनी, खलील शेख,गुलाब मदनी बंटी, बाबर खान, सलीम पटेल (खजराना), एहसान ठेकेदार (बांक),प्रिंस रईस पटेल (कनाड़िया), युनुस पटेल उस्ताद, फारूक पटेल, मकबूल पटेल, मोहसिन पटेल, तौसीम पटेल, आमीन पटेल आदि गणमान्य लोगों ने हज जायरीन इस्लाम पटेल सेठ का समारोहपूर्वक स्वागत किया और दुआ की दरख़्वास्त की।

## इंदौर में खनिज के अवैध उत्खननकर्ताओं पर अर्थदण्ड की बकाया वसूली के लिये होगी सख्त कार्रवाई

### 12 मामलों में अर्थदण्ड के वसूले जायेंगे 37 करोड़ 21 लाख रुपये

#### वसूली के लिए बकायेदारों की होगी संपति जप्त और कुर्क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में खनिज के अवैध उत्खननकर्ताओं पर अर्थदण्ड की बकाया वसूली के लिये सख्त कार्रवाई की जायेगी। खनिज के अवैध उत्खनन के 12 मामलों में अधिरोपित अर्थदण्ड की 37 करोड़ 21 लाख 59 हजार 817 रुपये की वसूली होगी। इसके लिये संबंधित बकायेदारों की संपत्ति जप्त और कुर्क की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि राशि की वसूली जल्द से जल्द करें। बकाया राशि जमा नहीं करने पर उनकी संपत्ति जप्त और कुर्क की जाये।

बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2014-15 से लेकर 2023-24 तक वर्तमान में 12 बकायेदारों पर 37 करोड़ 21 लाख 59 हजार 817 रुपये की अर्थदण्ड की राशि वसूली के लिए आरआरसी जारी की गई है। अवैध उत्खननकर्ता प्रतीक कौशल व अन्य पर 13 करोड़ 39 लाख 74 हजार रुपये 560, चेतन पिता अनिल पटवारी और कुणाल पिता मुकेश पटवारी पर 5 करोड़ 10 लाख 20 हजार रुपये, विजय जैन पर 4 करोड़ 70 लाख 75 हजार 280 रुपये, बाबो रियलकॉन एलएलपी पर 3 करोड़ 73 लाख 68 हजार रुपये, शंकरलाल खाती पर 3 करोड़ 21 लाख 42 हजार 500 रुपये, अनिल यादव पर 2 करोड़ 31 लाख 26 हजार 750 रुपये, सुधीर दांगी पर 2 करोड़ 30 लाख 61 हजार रुपये, दिनेश नागर पर एक करोड़ 18 लाख 57 हजार 500 रुपये, पंकज यादव पर 59 लाख 40 हजार रुपये, रितेश चंपू अजमेरा पर 32 लाख 66 हजार 460 रुपये, कुलदीप ठाकुर पर 28 लाख 5 हजार रुपये तथा राजेन्द्र खाती पर 5 लाख 22 हजार 822 रुपये की अर्थदण्ड की राशि की वसूली की जाना है।

## मौसम खराब होने से बिगड़ा फ्लाइट शेड्यूल

### डेढ़ से दो घंटे देरी से संचालित हुई 7 फ्लाइट्स



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कल शाम को अचानक मौसम खराब होने से एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले 7 फ्लाइट अपने तय समय से 1.30 से 2 घंटे लेट चली। एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार रात को आने वाली 3 फ्लाइट और इंदौर से जाने वाली 4 फ्लाइट मौसम ठीक नहीं होने के कारण लेट संचालित हुई।

**इंदौर से आने वाली फ्लाइट जो लेट रही-**

- बेंगलुरु से आने वाली फ्लाइट 6ए6743 रात 8.30 बजे आती है लेकिन यह 10.14 बजे आई।
- दिल्ली से आने वाली फ्लाइट 6ए2208 रात 9.55 बजे आती है लेकिन यह 12.12 बजे इंदौर आई।
- हैदराबाद से आने वाली फ्लाइट 6ए621 रात 10.25 बजे आती है जो की रात 12.21 बजे आई।

इंदौर से जाने वाली फ्लाइट जो लेट रही-

- इंदौर से बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट 6ए6744 रात को 8.40 बजे जाती है जो कि रात 11.01 पर रवाना हुई।
- इंदौर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट 6ए2019 रात को 10.40 बजे जाती है जो कि रात 1.16 पर रवाना हुई।
- इंदौर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट 6ए6598 रात को 11.05 बजे जाती है जो कि रात 1.23 पर रवाना हुई।
- इंदौर से पुणे जाने वाली फ्लाइट 6ए147 रात को 11.55 बजे जाती है जो कि रात 12.27 पर रवाना हुई।

## अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर 18 मई को

### केन्द्रीय संग्रहालय सहित लालबाग में लगेगी पुरातात्विक महत्व की प्रदर्शनियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में 18 मई को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जायेगा। इस दिन शहर के केन्द्रीय संग्रहालय सहित लालबाग में पुरातात्विक महत्व की प्रदर्शनियां भी लगाई जायेगी। इस दिन केन्द्रीय संग्रहालय, राजवाड़ा और लालबाग में दर्शकों को निःशुल्क प्रवेश मिलेगा।

केन्द्रीय संग्रहालय इन्दौर में आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ संभागायुक्त श्री दीपक सिंह प्रातः 11:30 बजे करेंगे। संग्रहालय दिवस के अवसर पर इसके अतिरिक्त भारत वर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा के सौजन्य से 'जैन स्थापत्य एवं मूर्तिकला के क्षेत्र में इस महासभा द्वारा किए गये कार्यों के संबंध में व्याख्यान भी होंगे। व्याख्यान श्री टी.के. वेद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय दिगंबर जैन तीर्थ सरंक्षिणी महासभा तथा श्री देवेन्द्र सेठी प्रदेश अध्यक्ष भारतीय दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा द्वारा दिए जायेंगे।

उपसंचालक पुरातत्व श्री प्रकाश पराजंपे ने बताया कि लालबाग मे होलकर राजवंश के सुबेदार/राजाओं के चित्रों की स्थायी प्रदर्शनी भी इसी दिन से दर्शकों को देखने को मिलेगी। प्रदर्शनी एवं संग्रहालय तथा लालबाग में 18 मई को दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## निर्वाचन के दौरान सिंगल विण्डों के माध्यम से 1152 राजनैतिक एवं गैर राजनैतिक आयोजन के लिए दी गई अनुमतियां

इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता भी प्रभावशील हुई। आदर्श आचरण संहिता के दौरान जिले में राजनैतिक एवं गैर राजनैतिक आयोजनों के लिए अनुमति लेना जरूरी किया गया। अनुमतियां जारी करने के लिए कलेक्टर कार्यालय में सिंगल विण्डों की स्थापना की गई। इस सिंगल विण्डों के माध्यम से आयोजकों को 24 घंटे के भीतर ही अनुमतियां जारी की गई। इससे आयोजकों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ा और समय पर अनुमतियां सहजता के साथ प्राप्त हुई।

# सरकारी अस्पताल में चूहों ने शुगर पेशेंट के पैर कुतरे

## बिस्तर पर उछल-कूद, सामान खींच ले जाते हैं, हॉस्पिटल बिल्डिंग में खोदे बिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा के जिला अस्पताल में चूहों ने महिला मरीज के पैर कुतर दिए। उनके दोनों पैरों में घाव हुए हैं। मरीज और उनके साथ वालों का कहना है कि रातभर बिस्तर पर चूहे उछल-कूद करते हैं। यहां तक कि खाना और दूसरा सामान भी खींच-खींचकर ले जा रहे हैं। मोबाइल चार्जर तक कुतर देते हैं।**



शहर के इंदरानगर की गिरिजा मालवी (65) ने बताया कि उन्हें बुखार - खांसी है। शुगर भी बढ़ी हुई है। इस वजह से वे अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती हैं। मंगलवार - बुधवार की दरमियानी रात 3 बजे उन्हें चूहे ने पैर में काटा। नर्स को भी जानकारी दी। उसने इलाज नहीं किया। गुरुवार सुबह 6 बजे भी चूहे ने उन्हें ऐड़ी में काट लिया है। एक और महिला मरीज का इलाज करा रहे उनके बेटे गोलू ने बताया कि यहां चूहों का आतंक है। खाना खा जाते हैं। राजा राम ने बताया कि उनकी पत्नी अस्पताल में भर्ती हैं। चूहे नुकसान कर रहे हैं। उधर, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मरीज जमीन पर खाना छोड़ देते हैं, इस वजह से चूहे आ रहे हैं।

### 150 करोड़ से बनी बिल्डिंग, चूहों ने आसपास खोद लिए बिल

जिला चिकित्सालय की 5 मंजिला इमारत 2019 में बनकर तैयार हुई है। 150 करोड़ रुपए की लागत से इसे बनाया गया है। पहले फ्लोर में महिला वार्ड है। चूहों ने बिल्डिंग के आसपास बड़े-बड़े बिल बना लिए हैं। रात में ये बिलों से निकलकर अस्पताल के वार्ड में घुस आते हैं।

### सिविल सर्जन बोले- 4 महीने पहले हुआ है पेस्ट कंट्रोल

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर एमके सुनिया का कहना है कि 4 महीने पहले ही हमने पेस्ट कंट्रोल कराया था। ठेकेदार से एग्रीमेंट है। हर 3 महीने में पेस्ट कंट्रोल किया जाता है। अस्पताल में कल से फिर पेस्ट कंट्रोल किया जाएगा।

# भोजशाल में एएसआई सर्वे का 56वां दिन, मजदूरों की संख्या बढ़ी

### मिट्टी हटाने का होगा काम, हिंदू पक्ष का दावा- भगवान कृष्ण की आकृति दिखाई दी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार।** केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन धार की भोजशाला में सर्वेक्षण चल रहा है। आज सर्वे का 56वां दिन है। सुबह के समय एएसआई की टीम ने सर्वे के तहत काम शुरू कर दिया है। गुरुवार को एएसआई के 12 अधिकारी, कर्मचारी व 41 मजदूरों सहित पक्षकारों की मौजूदगी में काम किया जा रहा हैं, जो अब पूरे दिन चलेगा।

पिछले चार दिनों से एएसआई की टीम में सदस्यों की संख्या कम होने से सर्वे का काम धीमी गति से ही चल रहा है, पर आज मजदूरों की संख्या बढ़ा दी गई है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा की आज मिट्टी हटाने का काम तेज गति से होगा।

एक दिन पहले हुए सर्वे को लेकर जानकारी देते हुए हिन्दू पक्षकार गोपाल शर्मा ने बताया कि 55 वे दिन भोजशाला के बाहर सर्वे का काम किया गया। दावा किया कि आज फिर से खुदाई के दौरान पिछले हिस्से में खंबो के दो अवशेष मिले हैं। साथ ही बड़ा दावा करते हुए कहा कि भोजशाला के अंदर एक खंभे पर क्लीनिंग और ब्रशिंग करने के बाद हिंदू देवी-देवताओं की आकृति स्पष्ट दिखने लगी, जिसमें भगवान कृष्ण, भगवान राम, भगवान परशुराम, भोलेनाथ की आकृति है जो एक ही खंबे पर है और सभी आकृतियों स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही।

# चुनाव ड्यूटी से नदारद सचिव को सस्पेंड किया

### जिपं सीईओ ने की कार्रवाई, सोनगीर के जीआरएस की सेवा समाप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। खंडवा में जिला पंचायत सीईओ ने चुनाव ड्यूटी से नदारद रहे एक पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया। कार्रवाई सीईओ जनपद पंचायत हरसूद के प्रतिवेदन पर की। बताया कि ग्राम पंचायत निशानियां माल के सचिव रामदीन कुमरे ने लोकसभा चुनाव में अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही की। सिविल सेवा एक्ट के तहत कुमरे को निलंबित करने के आदेश दिए है।**

साथ ही निशानियां के ग्राम रोजगार सहायक रईस खान को आगामी आदेश तक सचिव का प्रभार दिया गया है। इस आदेश के प्रभावशीलता के दौरान सचिव रामदीन कुमरे का मुख्यालय जिला पंचायत खंडवा में रहेगा। निलंबन अवधि में शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी।

### रोजगार सहायक पंचौरे की संविदा सेवा समाप्त

जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह सोलंकी ने लोकसभा निर्वाचन के अति महत्वपूर्ण कार्यों में मनमर्जी पूर्वक काम करने तथा गंभीर लापरवाही बरतने पर एक रोजगार सहायक की सेवा समाप्त करने के आदेश दिए है। बताया कि ग्राम पंचायत सोनगीर के जीआरएस प्रमोद पंचौरे ने वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशों का पालन भी नहीं किया। प्रदेश भर में इस समय रोजगार सहायक संविदा पर है। संविदा सेवा समाप्त करने के आदेश जारी किए।

# भांजे के प्यार में पागल पत्नी ने करवाई थी हत्या

## ❑ कोई पहचना न लें इसलिए ठिकाने लगाने से पहले लाश को बुरी तरह कुचला

**शिवपुरी। शिवपुरी के करबला में 6 मई को सुबह मिली एक पुरुष की अर्धनग्न लाश के मामले में गुरुवार को पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया। इंवेस्टिगेशन में पता चला कि 35 वर्षीय नितिन शर्मा की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसकी पत्नी ने अपने भांजे के प्यार में पागल होकर करवाई थी। प्लानिंग के तहत 4-5 मई की दरमियानी रात हत्यारे रात करीब 1 बजे घर में मृतक के घर में दाखिल हुए थे। उन्होंने सोते हुए नितिन पर सत्यम शर्मा पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद शिवम ने साफी से नितिन का गला घोंटकर मार दिया था। इतना ही नहीं, कोई पहचान न ले इसलिए लाश को ठिकाने लगाने से पहले मृतक के मुंह को बुरी तरह से कुचल दिया गया।**

फिजिकल थाना पुलिस के अनुसार करीब 12 दिन पहले 4 मई को अशोक विहार कालोनी का रहने वाला नितिन शर्मा लापता हो गया था। वहीं, दो दिन बाद यानी 6 मई को उसकी लाश करबला में मिली थी। मामले को गंभीर मानते हुए ऋकफ दर्ज कर इंवेस्टिगेशन शुरू कर दी गई थी। गुरुवार को पुलिस ने मृतक नितिन शर्मा की पत्नी साधना और उसके प्रेमी शिवम और प्रेमी के दोस्त सत्यम को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दिया जिले के रहने बाले दो अन्य आरोपी विशाल राय एवं लल्लू कुशवाह अभी फरार हैं।

### होटल में काम करने के दौरान प्यार हुआ

इंवेस्टिगेशन के दौरान सीसीटीवी कैमरों और मोबाइल की सीडीआर से पुलिस के हाथ अहम सुराग हाथ लगे। बताया गया है कि मृतक नितिन शर्मा ने सलैया गांव के पास एक होटल खोला था। इस होटल पर सहयोग के लिए उसने अपने ग्वालियर के रहने वाले भांजे प्रेमी डॉन उर्फ शिवम शर्मा को बुलाया था। करीब एक साल से शिवम शिवपुरी में रहकर होटल में हाथ बंटाने लगा था। इसी बीच शिवम और नितिन की पत्नी साधना को एक दूसरे को प्यार हो गया। इसकी भनक नितिन को भी लग गई थी। इसके बाद नितिन ने शिवम को वापस ग्वालियर भेज दिया था।

### प्रेमी-प्रेमिका ने मिलकर रची साजिश

प्रेमी शिवम को ग्वालियर भेजने वाली प्यार में पड़ी मामी को नागवार गुजरी। इसके बाद भांजे शिवम और साधना ने मिलकर हत्या की साजिश रची। इस हत्याकांड में शिवम में अपने ग्वालियर के रहने वाले दोस्त सत्यम शर्मा और दतिया जिले के रहने वाले दोस्तों विशाल राय एवं लल्लू कुशवाह को शामिल कर लिया। शिवम और साधना ने पहले ही रातों रात हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की प्लानिंग बना ली थी।

### सोते समय कुल्हाड़ी से हमला, फिर गला घोंट

प्लानिंग के तहत 4-5 मई की दरमियानी रात शिवम अपने तीनों साथियों के साथ ऑटो में सवार होकर आया। प्लानिंग के तहत नितिन की पत्नी साधना ने घर के दरवाजे की कुंदी खुली छोड़ दी थी और अपनी एक बेटी के साथ कमरे में सो गई थी। इसके बाद चारों रात करीब 1 बजे घर में दाखिल हुए। यहां सोते हुए नितिन पर सत्यम शर्मा पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद शिवम ने साफी से नितिन का गला घोंट दिया था। शव को फेंकने से पहले चेहरे से पहचान न हो इसके लिए अदरक कूटने वाली ओखली से नितिन की शरीर में सिर, चेहरे कई बार किए थे। इतना ही नहीं नितिन जो कपड़े पहने हुआ था। उन कपड़ों की वजह से पहचान न हो सके, इसके लिए उसके कपड़े भी उतार दिए थे। इसके बाद चारों शव को ऑटो में रखकर ले गए और शव करबला में फेंक दिया था।

# कपास गोदाम में 18 घंटे बाद भी नहीं बुझी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। खंडवा में एक कॉटन से भरे गोदाम में आधी रात को आग लग गई थी। इसके बाद दमकलकर्मियों ने रात में ही आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। लेकिन गोदाम में बड़ी मात्रा में कपास भरा हुआ था। तेज गर्मी के बीच आग की ऊंचीझऊंची लपटें उठ रही थी। इस कारण 18 घंटे बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। मार्केटिंग कंपनी ने यह गोदाम किराये पर लिया था।**



मौके पर खंडवा की तीन फायर ब्रिगेड, पंधाना की एक और छनेरा की एक फायर ब्रिगेड आग पर काबू पाने में लगी है। तीनों जगह की फायर ब्रिगेड से करीब 20 से ज्यादा राउंड का पानी हो चुका है। लेकिन अभी भी आग पर काबू नहीं पाया गया है। फिलहाल, आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। आग से गोदाम में रखा कॉटन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। जिससे करीब 8 करोड रुपए से ज्यादा का नुकसान होना बताया जा रहा है।

### मार्केटिंग कंपनी को किराये से दिया है गोदाम

गोदाम मालिक मेघराज जैन का कहना है कि हमने यह गोदाम स्टार एग्री कंपनी को किराए पर दिया हुआ है। जिन्होंने खंडवा सहित आसपास की जगह से किसानों का कपास व अन्य माल खरीदा है। जो इस गोदाम में भर रखा था। कल रात को हमारे वॉचमैन ने आग लगने की सूचना दी। जिसके बाद हम तुरंत मौके पर पहुंचे। स्टार एग्री कंपनी के अधिकारियों को भी सूचना की। फिलहाल अंदर आग बुझी नहीं है। आग बुझाने का प्रयास लगातार किए जा रहे हैं।

# संपादकीय

## महंगाई पर काबू पाना कठिन

सरकार महंगाई पर काबू पाने के लिए कई वर्ष से प्रयास कर रही है, मगर इसमें स्थिरता नहीं आ पा रही। रिजर्व बैंक ने खुदरा महंगाई पांच फीसद के नीचे रखने की मंशा से कई बार बैंक दरों में बढ़ोतरी की और अभी तक वह उनमें कटौती करने के बारे में सोच भी नहीं पा रहा। खुदरा महंगाई पिछले महीने बढ़ कर 7.74 फीसद पर पहुंच गई। अब थोक महंगाई अपने तेरह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। पिछले महीने यह 1.26 फीसद दर्ज हुई। पिछले वर्ष मार्च में यह 1.41 फीसद थी। थोक महंगाई पिछले दो महीने से लगातार बढ़ रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है कि अप्रैल महीने में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों में उत्पाद की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से थोक महंगाई बढ़ी है। इस स्थिति में कब तक सुधार की संभावना है, इसे लेकर कोई आकलन पेश नहीं किया गया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में कब नरमी दर्ज होगी, कहना मुश्किल है। विश्व में जिस तरह संघर्ष की स्थितियां और मंदी का दौर है, उसमें कीमतों में कमी को लेकर कोई दावा नहीं किया जा सकता। विनिर्माण और बिजली क्षेत्र में महंगाई बढ़ने की वजहें भी साफ हैं। कोयला उत्पादन क्षेत्र में विकास दर सुस्त बनी हुई है। कोयला आयात बढ़ा है। ऐसे में बिजली उत्पादन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। विनिर्माण में लागत पर खुदरा महंगाई का भी असर होता है। कोयला और बिजली की कीमतें बढ़ने से भी इस क्षेत्र में महंगाई बढ़ती है। इससे जाहिर है कि अभी आने वाले समय में जल्दी इस स्थिति में किसी सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती। महंगाई का एक बड़ा कारण विकास दर में असंतुलन भी है। कुछ क्षेत्रों में विकास दर काफी ऊंची है, तो कुछ में नीचे का रुख बना हुआ है। थोक महंगाई बढ़ने का अर्थ है कि खुदरा महंगाई पर उसका सीधा असर पड़ेगा। अगर वस्तुओं के उत्पादन पर लागत बढ़ेगी, तो खुदरा वस्तुओं की कीमतें उसके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ी हुई दर्ज होंगी। फिर, चूंकि महंगाई का आकलन थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर किया जाता है, वास्तविक महंगाई उससे कहीं अधिक होती है। इसीलिए अक्सर जब सरकारी आंकड़ों में महंगाई का स्तर घटा हुआ दर्ज होता है, तब भी आम उपभोक्ता कोई राहत महसूस नहीं करता। आम चुनाव की सरगर्मी में विपक्षी दलों ने महंगाई और बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बनाया हुआ है। इसलिए थोक महंगाई के ताजा आंकड़े एक बार फिर उन्हें सत्तापक्ष की आलोचना का अवसर देंगे। यह एक अजीब तरह का असंतुलन है कि देश की अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ है, जबकि महंगाई एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसकी कुछ वजहें साफ हैं  महंगाई को सहनशील स्तर पर लाने के लिए जरुरी है कि बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़े, मगर बेरोजगारी बढ़ने, प्रति व्यक्ति आय घटने और क्रयशक्ति छीजती जाने की वजह से बाजार में संतुलन नहीं बन पा रहा। जिस मौसम में नई फसल की आवक तेज होती है, उसमें भी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें ऊंची रहती हैं। दूसरी तरफ किसान फसलों की वाजिब कीमत न मिल पाने से परेशान दिखते हैं। जब तक अर्थव्यवस्था में कायम असंतुलन दूर करने का प्रयास नहीं होता, महंगाई पर काबू पाना कठिन ही बना रहेगा।

**अर्ज किया है..!**

*आगाह अपनी मौत से*
*कोई बशर नहीं*
*सामान सौ बरस का है*
*पल की ख़बर नहीं*

*- हैरत इलाहाबादी*




**भक्ति एक भावना के रूप में शुरू होती है, लेकिन वहीं पर खत्म नहीं होती। आखिरकार भक्ति का परिणाम विसर्जन होता है।**

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

# ये अभिनेत्रियां हैं उद्योगपति भी, खुद के दम पर खड़ा कर दिया करोड़ों का कारोबार

एक दौर था जब अभिनेत्रियों को फिल्मों में काम सीमित समय के लिए मिलता था। शादी के बाद या उम्र ढलने के साथ उन्हें काम मिलना बंद हो जाता था और अभिनेत्रियों को रिटारमेंट लेना पड़ जाता था। हालांकि बॉलीवुड की अभिनेत्रियां अब केवल हिरोइन नहीं रहीं, बल्कि अपने टैलेंट को अभिनय के साथ ही दूसरे क्षेत्र में लगा रही हैं। दमदार अभिनय प्रदर्शन कर फैंस का दिल जीतने वाली अभिनेत्रियां अब उद्योग जगत में भी परचम लहरा रही हैं। वर्तमान में कई दिग्गज अभिनेत्रियां अत्यंत सफल उद्यमी बन चुकी हैं। वह अपने फैंस का अभिनय के जरिए मनोरंजन करने के साथ ही कारोबार को भी संभाल रही हैं। आइए जानते हैं बी-टाउन अभिनेत्रियों के बारे में, जिन्होंने अपना कारोबार स्थापित करते हुए खुद को उद्यमी के तौर पर साबित किया।

### ❐ दीपिका पादुकोण

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने कपड़ों का ऑनलाइन कारोबार शुरू किया। उनका क्लोदिंग लेबल एक प्रसिद्ध आनलाइन प्लेटफार्म पर टॉप ब्रांड के तौर पर मौजूद है। उनका लेबल 'आल अबाउट यू' एक निजी फैशन लेबल है, जिसे दीवा द्वारा लॉन्च किया गया है। दीपिका मानसिक स्वास्थ्य को समर्थन देते हुए अपना फाउंडेशन- लिव, लव और लाफ भी चलाती हैं। साथ ही वह कई स्टार्टअप उद्योग में सक्रिय निवेशक हैं, जिसमें एक दही ब्रांड, एक सौंदर्य उत्पाद ब्रांड शामिल है। इसके अलावा उनका प्रोडक्शन हाउस भी है।





### ❐ प्रियंका चोपड़ा जोनस



ग्लोबल सुपरस्टार प्रियंका चोपड़ा अभिनेत्री के साथ ही सिंगर भी हैं। साथ ही उन्होंने अपना हेयर केयर लाइन भी लॉन्च किया है। उनका अपना प्रोडक्शन हाउस भी है। कई सफल व्यवसाय करने के अलावा, उन्होंने हाल ही में अपनी आत्मकथा भी लॉन्च की है। इसके अलावा उन्होंने अपना रेस्तरां भी शुरू किया है।

### ❐ आलिया भट्ट



आलिया भट्ट बहुप्रतिभाशाली हैं। ऑनस्क्रीन एक सिंगर, डांसर और अभिनेत्री के तौर पर अपनी पहचान बना चुकी आलिया ने अपनी क्लोदिंग लाइन लॉन्च करके उद्योग जगत में प्रवेश किया। एक उद्यमी और बच्चों के लिए क्लोदिंग ब्रांड शुरू करने का यह आलिया का पहला अनुभव है।

### ❐ अनुष्का शर्मा



बॉलीवुड में अपने अभिनय का दम दिखा चुकीं अनुष्का शर्मा सफल उद्यमी भी हैं। 2014 में अभिनेत्री निदेशक बनीं और भाई के साथ मिलकर अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया। आनलाइन प्लेटफार्म पर अपना क्लोदिंग ब्रांड उतारा और एक बिजनेस वुमन की भूमिका में भी सफल हो रही हैं।

### ❐ मलाइका अरोड़ा





बॉलीवुड दीवा मलाइका अरोड़ा फिटनेस को लेकर काफी गंभीर है। अपने इसी शौक को उन्होंने बिजनेस में लाने का फैसला लेते हुए योगा स्टूडियो की शुरुआत की। वह ई-कॉमर्स क्लोदिंग वेबसाइट का हिस्सा भी हैं, जहां उन्होंने बिपासा बसु और सुजैन खान के हाथ मिलाया।

New Delhi

# मुझे लात-घूसों से पीटा गया... स्वाति मालीवाल की शिकायत पर विभव के खिलाफ एक्शन में पुलिस, NCW में भी सुनवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ सीएम आवास पर हुई मारपीट मामले में हंगामा बढ़ता जा रहा है। इस मामले में उन्होंने शिकायत भी दर्ज कराई है। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर मारपीट और अभद्रता करने के आरोप लगाए हैं। मालीवाल की शिकायत पर दिल्ली पुलिस हरकत में आ गई है। जांच के लिए 10 टीमें बनाई गई हैं जो विभव के आवास समेत अलग-अलग ठिकानों की जांच में लगी हैं। हालांकि, एफआईआर के बाद से केजरीवाल के पीएम विभव का कुछ पता नहीं चला है। घर पर पुलिस टीम पहुंची तो विभव कुमार की पत्नी



मिली। उधर राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी विभव कुमार को तलब किया है। इन सबके बीच स्वाति मालीवाल ने पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि मेरे साथ जो हुआ, वह बहुत बुरा था। घटना पर मैंने पुलिस को अपना स्टेटमेंट दे दिया है। आशा है कि उचित कार्रवाई होगी।

स्वाति मालीवाल की ओर से पुलिस शिकायत में उन्होंने पूरा मामले का जिक्र किया है। जानकारी के मुताबिक, घटना 13 मई को हुई जब सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलने स्वाति मालीवाल पहुंची थीं। आरोप है कि सीएम आवास पर विभव कुमार ने मारपीट और बदसलूकी की थी, जिसके बाद स्वाति ने सीएम आवास से ही पीसीआर कॉल कर पुलिस को इस मामले की जानकारी दी थी। बाद में वह पुलिस थाने भी पहुंची थीं, लेकिन वह बिना शिकायत दिए ही वहां से निकल गईं।

Bihar

# पटना में 4 साल के बच्चे की हत्या पर बवाल

### गुस्साई भीड़ ने स्कूल में लगाई आग, नाले में मिला था छात्र का शव

**पटना, (एजेंसी)** राजधानी पटना में चार साल के बच्चे की हत्या के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। गुस्साए लोगों ने Tiny Tot स्कूल में आग लगा दी है। जानकारी के मुताबिक पॉलसन निवासी शैलेंद्र राय का बेटा आयुष कुमार कल स्कूल गया था। क्लास खत्म होने के बाद छात्र उसी स्कूल में ट्यूशन भी पढ़ता था। कल लेकिन जब शाम को बच्चा घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद बच्चे का शव रात करीब 3 बजे स्कूल के पास नाले से बरामद हुआ। जिसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



वहीं इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सुबह रोड जाम कर दी, और फिर स्कूल में आग लगी दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया है। पटना सिटी एसपी चंद्रप्रकाश और डीएसपी मौके पर मौजूद हैं।इससे पहले दीघा पॉल्सन रोड पर पुलिस की मौजूदगी ना होने से अराजकता की स्थिति हो गई थी। एंबुलेंस को भी नहीं जाने दिया जा रहा है।

प्रदर्शनकारी राहगीरों से भी मारपीट कर रहे थे। अभी भी पूरे इलाके में तनाव बना हु है। हालांकि अभी तक हत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। आखिर किस वजह से 4 साल के मासूम आयुष की हत्या की गई।

Uttarpradesh

## कानपुर में शॉपिंग से लौट रही महिला के साथ बीच सड़क पर रेप की कोशिश

### पीड़िता ने शोर मचाकर धक्का दिया तो भाग गया आरोपी

**कानपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के कानपुर में सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां एक महिला शॉपिंग कर लौट रही थी, उसके साथ एक शोहदे ने बीच सड़क पर रेप की कोशिश की. यह घटना सड़क पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई. मामले का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते ही हड़कंप मच गया. आनन-फानन में पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, यह वारदात मंगलवार रात रावतपुर इलाके में हुई. यहां एक महिला शॉपिंग कर नमक फैक्ट्री चौराहे पर पहुंची थी. उस वक्त सड़क पर सन्नाटा था. एक युवक ने महिला को देखा तो उसने बीच सड़क पर महिला को ही गिरा दिया और रेप करने का प्रयास किया. इस पर महिला ने शोर मचाते हुए आरोपी को धक्का दे दिया. शोर होते ही आरोपी युवक मौके से भाग गया. इसके बाद डरी सहमी पीड़िता भी वहां से अपने घर चली गई. यह पूरी घटना सड़क के किनारे किसी जगह पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है. घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया.

Paschim bangal

## दिल्ली पुलिस के एनकाउंटर में शूटर 'गोली' ढेर, पुर्तगाल में बैठे मोस्ट वॉन्टेड हिमांशु भाऊ के लिए करता था काम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के तिलक नगर में अंधाधुंध गोलियां चलाने वाले एक शूटर को पुलिस ने एक एनकाउंटर में ढेर कर दिया है. दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और बदमाशों के बीच देर रात भलस्वा डेरी इलाके में जबरदस्त एनकाउंटर हुआ. इस दौरान दोनों तरफ से जमकर गोलियां चलीं और पुलिस ने एक बदमाश को ढेर कर दिया. पुलिस के मुताबिक, एक बदमाश को कई गोलियां लगी थी जिसके बाद पुलिस टीम उसे लेकर अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मारे गए बदमाश की पहचान शूटर अजय उर्फ 'गोली' के रूप में हुई है. हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला अजय उर्फ 'गोली' दिल्ली पुलिस का वांटेड था और 6 मई को उसने दिल्ली के तिलक नगर इलाके में कई राउंड गोलियां चलाई थीं. अजय उर्फ गोली भारत से फरार होकर पुर्तगाल में बैठे हिमांशु भाऊ का शूटर था. जिस जगह एनकाउंटर हुआ था वहां का वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक कार और स्कॉर्पियो आपस में भिड़ी हुई नजर आ रही हैं. मौके पर कई पुलिसकर्मी भी नजर आ रहे हैं. दरअसल गुरुवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सूचना मिली थी कि विदेश बैठे गैंगस्टर हिमांशु भाऊ गैंग का एक शूटर अजय सिंगरोहा उर्फ गोली, निवासी गांव रिटोली, जिला रोहतक, बाहरी दिल्ली के गांव खेड़ा खुर्द में आएगा. अजय उर्फ गोली 06 मई 2024 को दिल्ली के तिलकनगर में सनसनीखेज हत्या के प्रयास और 10 मार्च 2024 को मुरथल के गुलशन ढाबे पर दिन दहाड़े हुए सुंदर नामक व्यक्ति के हत्याकांड में वांछित था.

खेल

# सात्विक-चिराग की जोड़ी का शानदार अभियान जारी, क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**बैंकॉक।** भारत की शीर्ष पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर जारी रहा और इस जोड़ी ने गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक-चिराग के अलावा युवा भारतीय खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम भी अंतिम-16 में पहुंचने में सफल रहे।




### सात्विक-चिराग ने शेई-झेंग की जोड़ी को हराया

सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा।

**मेईराबा ने क्रिस्टोफरसन को दी मात** - हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत के एक दिन बाद 21 वर्षीय मेईराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष सिंगल्स के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। मेईराबा को अगले दौर में विश्व चैंपियन और स्थानीय दावेदार कुनलावुत वितिदसार्न की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

### अश्मिता चालिहा का सफर समाप्त

पुरुष सिंगल्स वर्ग और डबल्स वर्ग में भारत को भले ही जीत मिली, लेकिन महिला सिंगल्स वर्ग में अश्मिता चालिगा को करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। अश्मिता शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान युई के खिलाफ 15-21, 21-12, 12-21 से हार गईं। मिक्सड डबल्स में सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ की जोड़ी को रिनोव रिवाल्डी और पिथा हानिंगत्यास मेंटारी की जोड़ी के खिलाफ 10-21, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

सिनेमा

## पुष्पा 2 को रिलीज से पहले बड़ा झटका, एडिटर एंटनी रूबेन ने छोड़ दी अल्लू अर्जुन की फिल्म अब क्या होगा!




अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2: द रूल का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है। लेकिन अब जब फिल्म की रिलीज को महज 89 दिन ही बचे हैं, चर्चा है कि एडिटर एंटनी रूबेन ने फिल्म छोड़ दी है। बताया जा रहा है कि यह सब डेट्स की कमी के कारण हुआ है। ऐसे में फैंस को चिंता सताने लगी है कि क्या पुष्पा 2 फिर से पोस्टपोन होगी हालांकि इस पर फिल्म की टीम का कहना है कि काम लगातार जारी है और फिल्म सिनेमाघरों में 15 अगस्त को ही रिलीज होगी। पीपिंग मून की रिपोर्ट के मुताबिक, एंटनी रूबेन इन दिनों एटली के प्रोडक्शन में बन रही वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन को एडिट करने में बिजी चल रहे हैं। वह इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर भी हैं। ऐसे में वह पुष्पा 2 के लिए समय नहीं निकाल पा रहे थे। एंटनी रूबेन ने इससे पहले पुष्पाः द राइज, जवान, बिगिल, मेर्सल और विवेगम जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का संपादन किया है। जाहिर तौर पर, रूबेन के जाने के बाद डायरेक्टर सुकुमार और अल्लू अर्जुन की मुश्किलें थोड़ी बढ़ेंगी। कोई भी फिल्म कितनी अच्छी बनती है, आखिर में इसका सबसे बड़ा जिम्मा उसके एडिटर का ही होता है। वही फिल्म से गैर जरूरी सीन्स को हटाता है और कहानी को पर्दे पर दमदार अंदाज में पेश करता है।

## Highlights

1. **Mumbai hoarding owner brought to Mumbai after arrest in Udaipur**
2. **Kapil Sibal elected SC Bar Association President for the 4th time**
3. **Mumbai's K East-West, P South to face 16-hr water cut on May 22-23**
4. **What is your price Mamata, ₹10 lakh: Ex-judge & BJP's Abhijit**
5. **U'khand bans VIP darshan at Char Dhams till May 31 amid huge crowd**

# UN revises India's 2024 economic growth projection to 6.9%

**NEW DEIHI, (Agency)** The United Nations has revised upwards India's growth projections for 2024, with the country's economy now forecast to expand by close to seven per cent this year, mainly driven by strong public investment and resilient private consumption.

The World Economic Situation and Prospects as of mid-2024, released Thursday, said, "India's economy is forecast to expand by 6.9 per cent in 2024 and 6.6 per cent in 2025, mainly driven by strong public investment and resilient private consumption. Although subdued external demand will continue to weigh on merchandise export growth, pharmaceuticals and chemicals exports are expected to expand strongly."



The 6.9 per cent economic growth projections for India in the mid-year update is an upward revision from the 6.2 per cent GDP forecast made by the UN in January this year. The UN World Economic Situation and Prospects (WESP) 2024 report that was launched in January had said that growth in India was projected to reach 6.2 per cent in 2024, amid robust domestic demand and strong growth in the manufacturing and services sectors. The projection in January for India's GDP growth for 2025 remains unchanged at 6.6 per cent in the latest assessment of the economic situation.

The update said that consumer price inflation in India is projected to decelerate from 5.6 per cent in 2023 to 4.5 per cent in 2024, staying within the central bank's two to six per cent medium-term target range. Similarly, inflation rates in other South Asian countries declined in 2023 and are expected to decelerate further in 2024, ranging from 2.2 per cent in the Maldives to 33.6 per cent in Iran. Despite some moderation, food prices remained elevated in the first quarter of 2024, especially in Bangladesh and India.

# A refined and powerful JBL Authentics 500 puts Marshall Woburn III on notice

**NEW DEIHI, (Agency).** Many music lovers, when they have serious money to spend, tend to consider Marshall's speakers. And with good reason, because for many a listening experience, they do set a benchmark. For years. It's not as straightforward anymore, because competition comes from JBL, and their new Authentics speaker line-up that spans three sizes, different price points and matches Marshall's speaker range spec for spec. The Authentics 500, which is JBL's flagship in this range, is following through on the potential, with delivery. Here's how the contours stack up. The smallest of the troika, the JBL Authentics 200 is priced at ₹39,999 while the middle child, the Authentics 300 sports a price tag of ₹49,999. The one we're reviewing here, the JBL Authentics 500 is the flagship, setting you back by ₹69,999. These will compete against Marshall's Acton III, Kilburn III and Woburn III. JBL has kept feature parity to an extent, but the audio hardware sees a step forward between the Authentics 200 to the Authentics 300 (also, the only speaker to get battery too), whereas things get really serious with the Authentics 500.



## युवक की आत्महत्या में साल भर बाद साले और पत्नी पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एरोड्रम में एक युवक की खुदकुशी के मामले में उसकी पत्नी और सालों के खिलाफ पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया। मृतक ने खुदकुशी से पहले सुसाइड नोट भी छोड़ा था जिसमें दोनों को जिम्मेदार बताया। एरोड्रम पुलिस के अनुसार मृतक रूपेश गौहर पिता मंगल गौहर निवासी विद्या पैलेस एरोड्रम ने करीब साल भर पहले 10 जून 2023 को आत्महत्या कर ली थी। उसने सुसाइड नोट छोड़ा था जिसमें अपनी पत्नी रोहिणी और साले रोहित व निर्मल को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार बताया गया था। वे उसे छोटी-छोटी बातों को लेकर लगातार प्रताड़ित कर रहे थे इससे वह बेहद दुखी हो गया था। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

## करोड़ों की जमीन धोखाधड़ी का फरार आरोपी बंदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने करोड़ों रुपए की जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी फिरोज पिता जलील शेख,श्रीपद नगर खजराना ने ग्राम करनावद जिला देवास में फरियादी की करोड़ो रुपए की भूमि के दस्तवाजो में हेराफेरी कर नए दस्तावेज तैयार कर उक्त भूमि को बेच दिया था। आरोपी को देवास जिला पुलिस को सौंप दिया गया है।

## युवक को आफिस में बंद कर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एरोड्रम थाना क्षेत्र के सुविधी नगर स्थित एक आफिस में युवक को बंद कर पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस को फरियादी अमन पिता अरविन्द शर्मा निवासी सुविधी नगर ने शिकायत दर्ज करवाई कि विशाल तिवारी और धीरज वर्मा ने अपने ट्रेवल्स में नुकसान होने की बात पर विवाद किया। दोनों ने फरियादी के आफिस में उसे बंद कर मारपीट की। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## शादी नहीं की तो बदनाम कर दूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके में मनचले ने युवती को सरेराह रोका और उसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए कहा कि मुझसे शादी नहीं की तो बदमान कर दूंगा। बाणगंगा पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम राहुल मलिक निवासी भागीरथपुरा चिडार मोहल्ला है। क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी से पहले दोस्ती थी, दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे, लेकिन राहुल की खराब आदतों की वजह से उसने शादी से इन्कार कर दिया। राहुल इसी बात से नाराज था, वह अपने रिश्तेदार के साथ बाजार गई थी, तभी आरोपी ने रास्ते में उसे रोक बात करने के लिए दबाव बनाया, लडकी ने इन्कार किया तो आरोपी ने जबरदस्ती की कोशिश कर उसे धमकी दी कि उसके फोटो सोशल मीडिया पर डालकर उसे बदनाम कर देगा।

## पेंटर ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पलासिया इलाके में एक पेंटर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह शराब पीने का आदी था। आए दिन घर में विवाद करता था। पत्नी शादी समारोह में गई थी उसी दौरान पेंटर ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक का नाम गणेश सेन पिता मूलचंद निवासी विनोबा नगर पलासिया है। गणेश पैंटिग का काम करता था। 7 साल पहले उसकी शादी हुई थी, घर में आए दिन नशे की वजह से झगड़े होते थे। रात को भी वह शराब पीकर आया जिसके चलते विवाद हुआ था जिसके बाद उसने फांसी लगा ली।

## डंपर ने ली बच्चे की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किशनगंज में हुए एक हादसे में बच्चे की मौत हो गई। सत्तार पटेल पिता याकूब पटेल निवासी केवटी की शिकायत पर डंपर के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि डंपर के चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए घर के बाहर खेल रहे अलफेज (8) को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मृत्यू हो गई।

## हौद में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**इंदौर**। हौद में गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। भागीरथपुरा निवासी गोपाल नामक बुजुर्ग को उनके परिजन इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर आए थे। बताया जा रहा है कि वह अनियंत्रित होकर घर में बनी हौद में गिर गए थे. पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। बुजुर्ग के शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# दुधमुंहे बच्चे का मारने की धमकी देकर दुष्कर्म

### धर्म परिवर्तन के लिए भी धमकाने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमआईजी इलाके में एक आरोपी शादीशुदा महिला से दुधमुंहे बच्चे की जान लेने के नाम पर रेप करता रहा। पीड़िता का आरोप है कि वह अपने साथ चाकू लाता और कहता था कि इससे कई बकरे कुर्बान किए हैं। पीड़िता के वीडियो और फोटो भी बनाए। इन्हें वायरल करने के नाम पर रुपए ऐंठता रहा।**

पुलिस ने काशान पिता इरफान शेख निवासी श्रीनगर पर रेप ओर ब्लैकमेंलिग की धाराओं में केस दर्ज किया है। 30 साल की पीडिता ने बताया कि वह मॉडलिंग करती है। उसका दो साल का बेटा है। काशान पीडिता के पति का दोस्त है। अक्टूबर 2023 में उसने मॉडलिंग के एक प्रोजेक्ट के लिए किसी से मिलने के लिए पुष्पनगर स्थित घर पर मिलने बुलाया। जब पीडिता अपने दुधमुंहे बेटे के साथ मिलने पहुंची तो अंदर कोई नहीं था। पीडिता ने काशान से पूछा कि मिलने के लिये जो सर आए थे वह कहां है। तब काशान ने कहां कि कोई मिलने नहीं आया था, उसी ने बुलाया है।

इसके बाद काशान ने जल्दी से गेट लगा दिया। बिस्तर के यहां कुर्बानी देने का छुरा रखा था। उसे निकाला और मेरे बेटे के गले पर रख दिया। कहा कि बेटे को बचाना है तो जैसा कहूं वैसा करो। मैंने कई बकरों की कुर्बानी दी है। इसी छुरे से तेरे बेटे का गला भी काट सकता हूं। इससे डरकर वह जैसा कहता गया, करती गई। इस दौरान उसने मोबाइल से कुछ वीडियो और फोटो बनाए और कहा कि यह सब मेरे पास रहेंगे। अगर किसी को बात बताई तो यह वायरल भी होंगे और बेटे की जिंदगी से भी हाथ धोना पड़ेगा।

इसके बाद पीडिता को काशान ब्लैकमेल करता रहा ओर संबंध बनाता रहा। पीडिता ने बताया कि आरोपी ने काशान ने कई बार कहा कि वह इस्लाम कबूल कर ले। पति से अलग हो जाए। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार रुपए भी वसूले। 10 दिन पहले उसने मारपीट कर फिर से रेप किया। पीडिता ने बताया कि उसके मोबाइल में अन्य लड़कियों के भी इसी तरह के फोटो और वीडियो हैं। परेशान होकर उसने यह जानकारी अपने पति और हिंदूवादी नेता मानसिंह राजावत को दी। इसके बाद सभी के साथ थाने आई और काशान के खिलाफ केस दर्ज कराया।

## कट्टे के साथ पकड़ाया बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आजाद नगर पुलिस ने एक बदमाश को देशी कट्टे के साथ पकड़ा है। नेमावर रोड पर वह वारदात की नीयत से घूम रहा था। पुलिस को सूचना बाद छोटी लखानी के पास नेमावर रोड पर विजय निवासी मूसाखेड़ी को कट्टे के साथ पकड़ा। उससे पूछताछ की जा रही है।

# इंदौर से दुबई उड़ान में ओवर बुकिंग

### 178 सीट पर 187 यात्रियों की बुकिंग, एयर इंडिया को लौटाना पड़े पैसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर से दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की रात 12.40 बजे दुबई जाने वाली उड़ान में क्षमता से अधिक यात्रियों की बुकिंग कर दी गई। जिससे यात्रियों ने सीट नहीं मिलने पर एयरपोर्ट पर हंगामा कर दिया। बताया जा रहा है कि बुकिंग करवा चुके सभी यात्री देर रात एयरपोर्ट पहुंच गए थे। एयरपोर्ट आने वाले 9 यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचने के बाद जानकारी दी गई कि विमान की सभी सीटें भर चुकी हैं, अतः आपको एक सप्ताह बाद यात्रा करनी होगी।

देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रात 12.40 बजे जाने वाली दुबई फ्लाइट के लिए विमान में 187 यात्रियों ने बुकिंग कराई थी, लेकिन दुबई से आए विमान की क्षमता 178 यात्रियों की ही थी। इस वजह से 9 यात्रियों को सीट नहीं मिल सकी। हंगामा कर रहे यात्रियों को विमान कंपनी ने पूरा पैसा रिफंड करने या फिर से बुकिंग करवाने का विकल्प दिया।

बता दें कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई उड़ान प्रत्येक गुरुवार को 10.30 बजे दुबई से इंदौर पहुंचती है और वापसी में यही विमान यात्रियों को लेकर रात्रि 12.40 बजे दुबई के लिए उड़ान भरता है। विगत सप्ताह दुबई जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान इंदौर में खराब हो गया था। तब सभी यात्रियों को होटल में ठहराते हुए दूसरे दिन अन्य विमान बुलाकर दुबई भेजा गया था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक